पत्रांक /7 सी0 दिनाक 3 जून 2023

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग अल्मोड़ा

*Office of the Executive Engineer , PWD, Almora Uttarakhand*

**E-mail:eepdalmora@rediff.com**

पत्रांक 1396 /7 सी0 दिनांक 3 जुलाई 2023

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
सिविल एवं सोयम वन प्रभाग,
अल्मोड़ा।

विषयः जनपद अल्मोड़ा में विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर में चैलछीना–बसन्तपुर–जैंती मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.602 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। (प्रस्ताव सं0 एफ0पी0/यू0के0/रोड/38787/2019)

संदर्भः आपका पत्र सं0 3636/12–1 दिनॉक 08.06.2023

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के अवगत कराना है कि विषयक मोटर मार्ग में एफ0आर0सी0एम0 की बैठक का कार्यवृत जो आपके कार्यालय पत्र सं0 2003/12–1 दिनॉक 11.01.2022 के द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है। एफ0आर0सी0एम0 की बैठक के कार्यवृत में उक्त मोटर मार्ग के संबध में 4 बिन्दुओं में आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसमें से बिन्दु सं0 1 आपके प्रभाग से एवं शेष बिन्दु सं0 2,3,4 लो0नि0वि0 से संबंधित है। बिन्दु सं0 2,3,4 में वांछित सूचनायें इस कार्यालय के पत्र सं0 597/7सी0 दिनॉक 10 अप्रैल 2023 द्वारा आपको उपलब्ध करायी जा चुकी है। लगभग 2 माह तक उक्त के संबंध में कोई कार्यवाही न होने के कारण इस कार्यालय के प्रतिनिधि द्वारा स्थलीय निरीक्षण टिप्पणी (जो प्रभागीय वनाधिकारी स्तर से तैयार की जानी है) तैयार दिनॉक 08.02.2023 को आपके समक्ष प्रस्तुत किया गया किन्तु उक्त में कोई कार्यवाही न करते हुये आपके द्वारा प्रकरण उक्त संदर्भित पत्र से इस कार्यालय को वापस कर दिया गया है। उक्त कार्यवृत में स्पष्ठ निर्देश हैं कि बिन्दु सं0 1 में प्रभागीय वनाधिकारी की स्थल निरीक्षण टिप्पणी अंकित की जानी है।

अतः अनुरोध है कि प्रकरण में अपने स्तर से अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

भवदीय
03/07/23

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा।

पत्रांक 1396 /7सी0 तद्दिनॉकित

प्रतिलिपि– जिलाधिकारी, अल्मोड़ा को उक्त संदर्भित पत्र के क्रम में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा।